नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

व्यक्तित्व को गढ़ने हेतु खेल महत्वपूर्ण

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया खेल-कूद स्पर्धा का उदघाटन

वर्धा, 2 फरवरी, 2017: व्यक्तित्व को गढ़ने और उसे विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी उचित ध्यान दें। विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ खेल से संबंधित उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग करना चाहिए। उक्त प्रतिपादन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किए। वे विश्वविद्यालय में खेल-कूद स्पर्धा 2017 के उदघाटन समारोह में उदघाटक के रूप में बोल रहे थे। विवि में मेजर ध्यानचंद क्रीडा स्थल में गुरुवार, 2

फरवरी को सुबह 9 दिवसीय स्पर्धा का उदघाटन किया गया। 10 फरवरी को स्पर्धा का समापन होगा।

उदघाटन समारोह का प्रास्ताविक, स्वागत एवं खेल स्पर्धा का परिचय खेल प्रभारी तथा निवेदक डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की खेल-कूद स्पर्धा में विभिन्न प्रकार के 9 खेलों को शामिल किया गया है जिसमें क्रिकेट, एथलेटिक्स, शतरंज, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, योग आदि स्पर्धाएं महत्वपूर्ण है। उन्होंने आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के पदाधिकारी तथा आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार जताया।

समारोह में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने खेल प्रोत्साहन वक्तव्य दिया। आभार कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने माना। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सभी खिलाडियों को शपथ दिलायी। उदघाटन के बाद भाषा विद्यापीठ और प्रदर्शनकारी कला विभाग के बीच क्रिकेट

का उदघाटकीय मैच खेला गया जिसकी शुरूआत कुलपति ने बल्ला थामकर की। कार्यक्रम का

संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित राय ने किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार, प्रो. अरबिंद कुमार झा, प्रो. देवराज, डॉ. कृपा शंकर चौबे, प्रो. संतोष भदौरिया, प्रो. अरूण कुमार

त्रिपाठी, डॉ. गोपाल ठाकुर, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. सुप्रिया पाठक, श्रीरमन मिश्र, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, राजेश लेहकपुरे, डॉ. अनिर्बाण घोष, डॉ. अमरेंद्र शर्मा,

संजय तिवारी, डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. रवि कुमार, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. शंभू जोशी, बी. एस. मिरगे, पंकज पाटिल, राजीव पाठक, राजदीप राठौर सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।